सम्मानपूर्ण रिश्ते • सुरक्षित परिवार • मज़बूत समुदाय

जेनकिंस सेंटर तक कौन पहुँच कर सकता है?

जेनकिंस सेंटर लीसेस्टर शहर में रहने वाले 18 साल से ज़्यादा की उम्र वाले ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए खुला है, जो जीवन-साथी के साथ अंतरंग संबंध में अभद्र रहा है। हम ऐसे पुरुषों और महिलाओं दोनों के साथ काम करते हैं जो खुद की पहचान सीधे व्यक्ति, समलैंगिक पुरुष, समलैंगिक महिला, द्वि या ट्रांसजेंडर के रूप में करते हैं। सेंटर पूरे शहर में सभी जातीय, धार्मिक और सांस्कृतिक समूहों के लोगों के साथ काम करता है और यह सभी विविध समूहों की अद्वितीय ज़रूरतें पूरा करने की कोशिश करेगा।

मैं जेनकिंस सेंटर तक कैसे पहुँचूं?

जेनकिंस सेंटर लीसेस्टर सिटी सेंटर में स्थित है और यहाँ सार्वजनिक परिवहन से आसानी से पहुँचा जा सकता है। जब आपकी आकलन की तिथि की पुष्टि हो जाएगी तो हमारा कार्यकर्ता आपको सही-सही पता दे देगा।

और मदद और सलाह

वयस्क पीड़ितों और दुर्व्यवहार से बचे लोगों, बच्चों और अपने रिश्तों में हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों को सेवाएँ प्रदान करने के लिए हम पूरे शहर में अन्य घरेलू हिंसा सेवाओं के साथ साझेदारी में भी काम करते हैं जिनमें SAFE और LWA (दुर्व्यवहार के बिना जीवन-यापन) शामिल हैं। इन सेवाओं तक 0300 123 0918 पर **नगर घरेलू हिंसा हेल्पलाइन (City Domestic Violence Helpline)** के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।

अगर आप अभी भी अपने व्यवहार के बारे में चिंतित हैं, तो आप 0808 8024040 पर **नैशनल रेस्पेक्ट हेल्पलाइन** को रिंग कर सकते हैं

Scan the QR code to browse our website.

the Jenkins Centre

Respectful Relationships ▪ Safer Families ▪ Stronger Communities

जेनकिंस सेंटर DVIRP और Respect के बीच साझेदारी है

Domestic Violence Integrated Response Project

respect

dvs domestic violence services

Working together to build lives free from violence

Commissioned by Leicester City Council

जेनकिंस सेंटर समानता और मूल्यों में विविधता को बढ़ावा देता है

अगर आपको यह सूचना-पत्र किसी अन्य स्वरूप या किसी समुदाय भाषा में चाहिए तो कृपया सेंटर के कर्मचारियों से संपर्क करें। कृपया हमें अपनी किसी अतिरिक्त ज़रूरत के बारे में बताएँ जैसे भाषा अनुवाद, आने-जाने से संबंधित मुद्दे या संचार की मुश्किलें।

Hindi

the Jenkins Centre

Respectful Relationships ▪ Safer Families ▪ Stronger Communities

क्या आप उसे आहत कर रहे हैं जिसे आप प्यार करते हैं?

टेली: 0116 254 0101

ईमेल:info@jenkinscentre.org

वेबसाइट: www.jenkinscentre.org

सम्मानपूर्ण रिश्ते • सुरक्षित परिवार • मज़बूत समुदाय

जेनकिंस सेंटर क्या करता है?

हम ऐसा हस्तक्षेप प्रदान करते हैं जिसे लोगों को अपने अंतरंग जीवन-साथी और दूसरों के प्रति अभद्र व्यवहार करने से रोकने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
अभद्र व्यवहार समाप्त करने के साथ-साथ हम परिवार और दोस्तों के साथ बेहतर संबंधों के विकास और आत्मसम्मान बढ़ाने पर भी काम करेंगे।
यह काम हम समूह कार्यक्रमों और अलग-अलग सत्रों के माध्यम से करते हैं।

क्या मैंने अभद्रता का व्यवहार किया है?

नीचे दिए गए सभी व्यवहार अभद्र की श्रेणी में आते हैं। इसके अलावा ऐसे अनेक अन्य तरीके हैं जिनसे लोग अपने जीवन-साथी/पूर्व जीवन-साथी या परिवार के सदस्य के साथ शारीरिक, भावनात्मक, यौन और आर्थिक रूप से अभद्र व्यवहार कर सकते हैं। अगर आप अपने व्यवहार और इस बारे में अनिश्चित है कि यह अभद्र है या नहीं, तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं।

- थप्पड़ मारना, मुक्का मारना, लात मारना और काटना।
- अपने जीवन-साथी/पूर्व जीवन-साथी/परिवार के सदस्य को चोट पहुँचाने या मारने की धमकी देना।
- लगातार अपमान और 'नीचा दिखाना'।
- उन्हें उन लोगों से मिलने से रोकना जिनसे वे मिलना चाहते हैं
- उनका अपने दोस्तों और परिवार से मिलना मुश्किल बनाना।
- अपने जीवन-साथी को यौन संबंध के लिए मज़बूर करना।
- रिश्ता समाप्त हो जाने के बाद पूर्व जीवन-साथी को अपना जीवन आगे बढ़ाने में बाधा देना।

मैं ऐसा क्यों करूँ?

आपके व्यवहार करने के तरीके का आपके प्रियजनों पर असर पड़ेगा, चाहे वह आपका जीवन-साथी/पूर्व जीवन-साथी या बच्चा हो। यह आपके लिए अपना व्यवहार बदलने और ऐसे संबंध विकसित करने का अवसर है जो सुरक्षित, प्रेमपूर्ण और सम्मानपूर्ण हैं और अब अभद्र नहीं हैं।
सबसे मुश्किल काम है पहली फ़ोन कॉल करना। इसे समाप्त करना और खुद से और दूसरों से यह वायदा करना आसान है कि ऐसा फिर कभी नहीं होगा। आपने शायद यह पहले किया होगा लेकिन अगर आप बदलने की इच्छा और शब्दों को कार्रवाई में बदलने के बारे में गंभीर हैं, तो जेनकिंस सेंटर आपकी मदद कर सकता है।

मुझे क्या करने की ज़रूरत है?

आपमें बेहतर रिश्ते बनाने और अभद्र व्यवहार को रोकने के लिए प्रतिबद्धता होनी चाहिए। आपको खुद पर गहरी नज़र डालनी होगी, काम अलग ढंग से करना होगा और कुछ ऐसे काम करने होंगे जो आसान नहीं होंगे। अपना व्यवहार बदलना मुश्किल प्रक्रिया है, लेकिन हमारे विशेषज्ञ जेनकिंस सेंटर कर्मचारी हमेशा आपकी मदद करेंगे।
पहला क़दम है, भरती सत्र में भाग लेने के लिए मुलाक़ात बुक करना जिसमें यह समझाया जाएगा कि सेंटर कैसे काम करता है, इस बात की पड़ताल की जाएगी कि आपके रिश्तों में क्या हो रहा है और आपके लिए बदलाव के लक्ष्य कौन-से हैं।
सेंटर के कर्मचारियों के साथ मिलकर हम तय करेंगे कि क्या जेनकिंस सेंटर आपके लिए सही है।

मेरे जीवन-साथी को क्या पेश किया जाता है?

जेनकिंस सेंटर की अलग जीवन-साथी समर्थन सेवा है जो आपके जीवन-साथी या पूर्व जीवन-साथी को पेश की जाएगी।

क्या जेनकिंस सेंटर मेरे बारे में जानकारी साझा करेगा?

अगर किसी पेशेवर ने आपको सेंटर में रैफ़र किया है तो हम उनके साथ जानकारी साझा करेंगे। अगर हमें लगता है कि आप अपने या दूसरों के लिए ख़तरा हैं तो हम उनकी सुरक्षा बढ़ाने के लिए जानकारी साझा करेंगे। हम आपके साथ इस बारे में स्पष्ट और ईमानदार रहेंगे कि क्या गोपनीय होगा और क्या गोपनीय नहीं हो सकता।

इस पर कितना ख़र्च आएगा?

जेनकिंस सेंटर लीसेस्टर शहर के निवासियों के लिए मुफ़्त है। अगर आप इस क्षेत्र के बाहर रहते हैं और आपको लगता है कि आपको अपने व्यवहार के लिए मदद की ज़रूरत है तो सेंटर के कर्मचारियों से संपर्क करें।